मानव जीवन विकास समिति

स्वास्थ्य संबंधी प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2025–26

मानव जीवन विकास समिति हमेशा से स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति सक्रीयता से काम किया है। स्वास्थ की नियमित जांचे करवाने के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है। नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से जानकारी के मुताविक जहां कही भी स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन होता है वहां पर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ जांच करवाने जाने के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वास्थ्य शिविरों मे आंख की जांचे एवं निकट और दूर दृष्टिदोष वाले एवं मोतियाबिंद की पहचान होने पर ऑपरेशन हेतु सम्बंधित अस्पताल भेजकर ऑपरेशन करवाया गया है।

समिति का उद्वेश्य है हर व्यक्ति स्वस्थ रहे इसके लिए प्राकृतिक व जैविक खेती पर भी विशेष जोर दिया है। लोगों की आर्थिक स्थिति मे सुधार हो इस परिकल्पना को साकार करने के लिए औषधीय फसलो की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया है। समिति का भौगोलिक कार्यक्षेत्र की बात करे तो सघन रूप से मध्यप्रदेश के कटनी, दमोह, उमरिया, डिण्डौरी और सीहोर जिले के 8 ब्लॉक के 11 ग्राम पंचायत अन्तर्गत 280 गांव के 30000 परिवार के साथ काम हो रहा है।

समिति परियोजना गतिविधियों के साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बंधी गतिविधियों का संचालन कर रही है। कटनी जिले के बड़वारा और ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक की 10 आंगनवाड़ी केन्द्रो को गोद लेकर केन्द्र को रंगरोगन कर चल चित्रो से आकर्षक बनाने का प्रयास किया है ताकि बच्चा नियमित केन्द्र पर आ सके। अपने फील्ड कार्यकर्ताओं की मदद से पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कर रहे है, केन्द्र मे नियमित बच्चों को पोषण आहार मिले और टीकाकरण भी समय समय पर हो ताकि बच्चा स्वस्थ रहे। इसके अलावा 5 आंगनवाड़ी केन्द्र मे पोषण आहार, दूध और बिस्किट बच्चों को नियमित दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर वर्ष 2025

क्रं.	दिनांक	शिविर का स्थान	ब्लॉक	जिला	स्वास्थ्य जांच	संभावित दृष्टिदोष	चश्मा की उपलब्धता	मोतियाबिंद की पहचान	आंख का ऑपरेशन
1.	13.07.2025	जमुनिया	बड़वारा	कटनी	53	20	13	11	9
2.	22.07.2025	कोनिया	विजयराघवगढ़	कटनी	41	21	21	6	6
3.	23.07.2025	खितौली	बड़वारा	कटनी	30	14	14	5	5
4.	22.09.2025	बिजौरी	बड़वारा	कटनी	246	146	123	86	29
5.	05.11.2025	बिजौरी	बड़वारा	कटनी	50	20	20	15	15
6.	21.11.2025	कोठी	ढ़ीमरखेड़ा	कटनी	70	8	8	6	6
7.	05.12.2025	बिजौरी	बड़वारा	कटनी	36	15	12	4	4
8.	08.12.2025	कटरिया	ढ़ीमरखेड़ा	कटनी	80	30	30	15	15
9.	12.12.2025	बांध	ढ़ीमरखेड़ा	कटनी	115	25	25	11	11
10.	17.12.2025	बंदरी	बड़वारा	कटनी	15	10	10	8	8
11.	18.12.2025	पथवारी	बड़वारा	कटनी	23	14	14	9	9
12.	19.12.2025	बरगवां	बड़वारा	कटनी	35	19	19	16	16
13.	22.12.2025	भादावर	बड़वारा	कटनी	22	4	4	4	4
टोटल					**780**	**331**	**301**	**192**	**133**

मानव जीवन विकास समिति द्वारा राहत समर्पण सेवा समिति और सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के सहयोग से समिति अपने परियोजना कार्यक्षेत्र में विविध शिविरों का आयोजन कर नेत्र जाँच कराकर आवश्यक दवाई एवं चश्मा का वितरण करते हुए मोतियाबिंद की पहचान कर व्यक्ति सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं अन्य दूसरे हॉस्पिटल में भेजकर आँख का सफल आपरेशन कराया। वर्ष 2025 में कटनी जिले के बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के 13 अलग अलग स्थानों पर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजित शिविर में लगभग 60 गांव से 816 व्यक्तियों को लाभ हुआ है। जिसमे 313 लोगों को चश्मा उपलब्ध कराया गया है, 196 लोगो को मोतियाबिंद की पहचान होने पर आपरेशन की सलाह दी गई थी जिसमे से 137 व्यक्तियों का सफल आपरेशन हुआ है।

निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं नेत्र परीक्षण शिविर

मानव जीवन विकास समिति द्वारा राहत समर्पण सेवा समिति और सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह के सहयोग एवं मार्गदर्शन में किया गया जिससे यह जनहित प्रयास और सशक्त बन सका शिविर में आसपास के ग्रामों से ग्रामीणों की नेत्र जाँच की गई सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के ऑप्टोमेट्रिस्ट श्री पवन कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा मोतियाबिंद, कांचियाबिंद, रेटिना समस्याएँ, नाखूना, भैंगापन आदि नेत्र रोगों की विस्तृत जाँच की गई। जाँच में मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए मरीजों को उसी समय निःशुल्क ऑपरेशन हेतु सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। ऑपरेशन आयुष्मान योजना के माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा राहत समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने बताया कि राहत हेल्थ विज़न मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की रोशनी बचाने के लिए उच्च गुणवत्ता की जांच निशुल्क लेंस, दवाएं, ऑपरेशन, आने-जाने व रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध कराना है इस शिविर के सफल आयोजन में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि आर्थिक स्थिति और दूरी के कारण अनेक ग्रामीण उपचार नहीं करा पाते।

आयुष अधिकारी कटनी डा. आशीष रेजा के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव श्री निर्भय सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य मे निःशुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दशम आयुर्वेद दिवस ''आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए'' थीम पर आयोजित स्वास्थ शीविर मे समिति के आसपास के गांव बिजौरी, भमराड़, अतरिया, बाह, पोड़ी, चपहनी, मझगवां से 246 लोग अलग अलग बीमारी की जांच उपरान्त आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दवा का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने समिति एवं आयुष विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया।

आँखों की जांच :


वन्दे - मातरम्
निःशुल्क आंतिरोबिंद आपरेशन मेग शिविर


स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
दिनांक: 22 सितम्बर 2025




परीक्षण शिविर
(नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन)
5 नवंबर 2025, (दिन : बुधवार)
य : सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक
जौरी (मझगवां), ब्लॉक बड़वारा, जिला कटनी
ोजक : मानव जीवन विकास समिति
गर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जबलपुर (म.प्र.)
रिकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में


REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA



ऑपरेशन के लिए भेजे गए :



चश्मा दिया गया :



न्यूज कवरेज

बांधा में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर ग्रामीणों को मिली रोशनी की नई उम्मीद



एक्सप्रेस न्यूज, कटनी/ढीमरखेड़ा। ग्राम पंचायत भवन बाँधा में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर मानव जीवन विकास समिति व राहत समर्पण सेवा समिति तथा सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जबलपुर के संयुक्त प्रयास से संचालित हुआ। कुल 115 ग्रामीणों की आँखों की जांच की गई जिन मरीजों को आवश्यकता थी उन्हें नि:शुल्क आई ड्रॉप्स और प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया जांच के दौरान 25 ग्रामीणों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनमें से 11 मरीजों को तत्काल ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। इन मरीजों के लिए आना जाना रहना भोजन और ऑपरेशन की सभी सुविधाए सुखसागर मेडिकल कॉलेज द्वारा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत हेल्थ विज़न मिशन के माध्यम से 4,900 से अधिक ग्रामीणों की नेत्र जाँच 500 नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा 300 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए जा चुके हैं। शिविर में मानव जीवन विकास समिति से अनिल गुलमान सिंह उत्तम सिंह ओमकार तथा ममता आई केयर क्लिनिक से शारदा प्रसाद साहू टीम उपस्थित रही।

मानव जीवन विकास समिति द्वारा कटरिया में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर सम्पन्न

विंध्य भारत, कटनी



राहत हेल्थ विज़न मिशन के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत भवन कटरिया में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मानव जीवन विकास समिति व राहत समर्पण सेवा समिति तथा सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल जबलपुर के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया शिविर में कुल 80 मरीजों की नेत्र जाँच की गई। आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों को नि:शुल्क आई-ड्रॉप्स वितरित किए गए। जाँच में 30 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनमें से 15 मरीजों को ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया है। मरीजों के लिए आना-जाना, रहना, भोजन एवं ऑपरेशन की सारी सुविधाएँ पूर्णतः नि:शुल्क रहेंगी, जिसका दायित्व सुखसागर मेडिकल कॉलेज वहन करेगा मानव जीवन विकास समिति पिछले 25 वर्षों से ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका, शिक्षा, भूमि-जल प्रबंधन, जैविक खेती, स्वावलंबन एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान कर रही है। संस्था ने जिला दमोह, जिला कटनी, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद व रीठी ब्लॉक सहित कई क्षेत्रों तथा देश-विदेश में उल्लेखनीय कार्य किया है इसी प्रकार राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत हेल्थ विज़न मिशन गांव-गांव में नेत्र स्वास्थ्य, चश्मा वितरण, मोतियाबिंद पहचान और नि:शुल्क ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्यरत है अब तक मिशन के माध्यम से 4,700 से अधिक ग्रामीणों की नेत्र जाँच, 450 नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा 200 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए जा चुके हैं आज आयोजित यह शिविर दोनों संस्थाओं के साझा प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने ग्रामीणों के जीवन में नई उम्मीद और रोशनी पहुँचाने का कार्य किया है आज के शिविर में मानव जीवन विकास समिति से ओमप्रकाश शुक्ला ऐपि सिंह, फूलसुंगे, तथा सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर की मेडिकल टीम पूरे दिन उपस्थित रही।

दिव्य एक्सप्रेस

मनीष गुप्ता (ब्यूरो चीफ), मो. 9300590610, कटनी

शिविर राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य मे नि :शुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर

नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर मे 246 लोगों की जांच हुई

दिव्य न्यूज नेटवर्क,कटनी





जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉ. आशीष रेजा के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य मे नि:शुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दशम आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित स्वास्थ शीविर मे समिति के आसपास के गांव बिजौरी, भमराड़, अतरिया, बाह, पोड़ी, चपहनी, मझगवां से 246 लोग अलग अलग बीमारी की जांच उपरान्त आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दवा का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने समिति एवं आयुष विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयुष विभाग कटनी की टीम डॉ. दिलीप कुमार अहिरवार, डॉ. प्रशान्त कुमार निगम, डॉ. कुल्सेर अहमद, डॉ. नर्मता पटेल, डॉ. संध्या गोड़, डॉ. शिवम, डॉ. प्रशान्त दुबे, डॉ. विरेन्द्र कुमार परीहा, डॉ. श्रीकान्त चतुर्वेदी, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. बलेष सिंह मार्को, डॉ. शशी प्रभा मरावी, डॉ. राकेश नामदेव, डॉ. मनीष गर्ग एवं मानव जीवन विकास समिति की टीम का विशेष सहयोग रहा है। स्वास्थ शिविर के बाद बिजौरी स्थित देवारण्य हर्बल गार्डन का भ्रमण जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉ. आशीष रेजा एवं टीम के साथी और मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के द्वारा देवारण्य पार्क का विजिट किया गया। विजिट के दौरान विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधो को देखकर मन प्रफुल्लित हो गया।

शिविर लगाकर की गई आंखों की निःशुल्क जांच



कटनी, अग्निबाण। मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व ने सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर और द्वारिकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के ग्राम बिजौरी में कुंवर विजेंद्र सिंह की याद में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बिजौरी के आसपास 10 गांव से 50 लोगों ने लाभ लिया। शिविर के दौरान आप्टोमेट्रिक्स दृष्टिदोष विशेषज्ञ पवन कुमार यादव सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा अपनी टीम के सहयोग से मोतियाबिंद, कांचियाबिन्द, रेटीना पर्दा, फ्रेक्चर, नाखूना, ट्यूमर कैंसर, अक्सूर, भैंगापन सहित आंख संबंधी अन्य बीमारियों की जांच कर 20 लोगों को चश्मा दिया। 15 लोगों को ड्राप दिया गया और 15 लोगों को मोतियाबिंद होने से जबलपुर हॉस्पिटल भेजवाया गया। वहां पर आयुष्मान योजना अंतर्गत निःशुल्क ईलाज और ऑपरेशन किया जाएगा।

निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न



एक्सप्रेस न्यूज, कटनी। मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व ने सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारिकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में कटनी जिले के ब?वारा ब्लॉक के ग्राम बिजौरी में कु. विजेंद्र सिंह (दाऊ) की याद में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बिजौरी के आसपास 10 गांव से 50 लोगों ने शिविर का लाभ लिया। शिविर के दौरान आप्टोमेट्रिक्स दृष्टिदोष विशेषज्ञ पवन कुमार यादव सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा अपनी टीम के सहयोग से मोतियाबिंद, कांचियाबिन्द, रेटीना पर्दा, फ्रेक्चर, नाखूना, ट्यूमर कैंसर, अक्सूर, भैंगापन आदि बीमारियों की जाँच कर 20 लोगों को चश्मा प्रदान किया गया, 15 लोगों को ड्राप दिया गया, 15 लोगों को मोतियाबिंद होने से जबलपुर हॉस्पिटल भेजवाया गया वहां पर आयुष्मान योजना अंतर्गत निःशुल्क ईलाज एवं ऑपरेशन किया जायेगा।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 80 ग्रामीणों का हुआ उपचार



पीसं,कटनी। ग्राम पंचायत भवन कटरिया में मानव जीवन विकास समिति, राहत समर्पण सेवा समिति और सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर के संयुक्त सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 80 ग्रामीणों की जांच की गई, जिनमें 30 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इनमें से 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया है। मरीजों के आने-जाने, रहने, भोजन और ऑपरेशन की सभी सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। जरूरतमंदों को आई-ड्रॉप्स भी वितरित किए गए। शिविर में मेडिकल टीम और समिति सदस्यों ने पूरे दिन सहयोग दिया।



आसपास हरिभूमि 8

निःशुल्क नेत्र शिविर में ग्रामीणजनों की आंखों की विभिन्न समस्याओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत हेल्थ विजन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी ब्लॉक ढीमरखेड़ा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के सहयोग एवं मार्गदर्शन में किया गया जिससे यह जनहित प्रयास और सशक्त बन सका शिविर में कोठी एवं आसपास के ग्रामों से 70 ग्रामीणों की नेत्र जाँच की गई सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के ऑप्टोमेट्रिस्ट पवन कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा मोतियाबिंद, कांचियाबिंद, रेटिना समस्याएँ, नाखूना, भैंगापन आदि नेत्र रोगों की विस्तृत जाँच की गई।

जाँच में 8 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए जिनमें से 6 मरीजों को उसी समय निःशुल्क ऑपरेशन हेतु सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। ऑपरेशन आयुष्मान योजना के माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने बताया कि राहत हेल्थ विजन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की रोशनी बचाने के लिए उच्च गुणवत्ता की जांच निशुल्क लेंस, दवाएं, ऑपरेशन, आने-जाने व रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध कराना है अब तक मिशन के अंतर्गत 200 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। शिविर के सफल आयोजन में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ढीमरखेड़ा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनिल कर्मा तथा राहत समर्पण सेवा समिति की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि आर्थिक स्थिति और दूरी के कारण अनेक ग्रामीण उपचार नहीं करा पाते।

नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं स्वास्थ परीक्षण शिविर संपन्न

कटनी, देशबन्धु। जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉ. आशीष रेजा के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य मे नि:शुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दशम आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित स्वास्थ शीविर मे समिति के आसपास के गांव बिजौरी, भमराड़, अतरिया, वाह, पोड़ी, चपहनी, मझगवां से 246 लोग अलग अलग बीमारी की जांच उपरान्त आयुर्वेदिक



नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 246 लोगों की जांच हुई

चिकित्सा एवं दवा का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने समिति एवं आयुष विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयुष विभाग कटनी की टीम डॉ. दिलीप कुमार अहिरवार, डॉ. प्रषान्त कुमार निगम, डॉ. कुल्सेर अहमद, डॉ. नर्मता पटेल, डॉ. संध्या गोड़, डॉ. शिवम, डॉ. प्रशान्त दुबे, डॉ. विरेन्द्र कुमार परौहा, डॉ. श्रीकान्त चतुर्वेदी, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. बलेष सिंह मार्को, डॉ. शशी प्रभा मरावी, डॉ. राकेश नामदेव, डॉ. मनीष गर्ग एवं मानव जीवन विकास समिति की टीम का विशेष सहयोग रहा है। स्वास्थ शिविर के बाद बिजौरी स्थित देवारण्य हर्बल गार्डन का भ्रमण जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉ. आशीष रेजा एवं टीम के साथी और मानव जीवन विकास समिति सचिव श्री निर्भय सिंह के द्वारा देवारण्य पार्क का विजिट किया गया। विजिट के दौरान विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधो को देखकर मन प्रफुल्लित हो गया।



आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम बिजौरी में जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉक्टर आशीष रेजा के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क मेगा आयुक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दशम आयुर्वेद दिवस, आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित शिविर में समिति के आसपास के गांव बिजोरी, अतरिया, पोड़ी, वाह, चपेहनी, मझगवा, भमराड़, पठरा से 246 लोगों की अलग-अलग बीमारी की जांच उपरांत आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दवा का लाभ उठाया।

इस दौरान डॉक्टर दिलीप कुमार अहिरवार, डॉ प्रशांत कुमार निगम, डॉ कुलशेर अहमद, डॉ नर्मदा पटेल, डॉ संध्या गोंड, डॉ शिवम, डॉ प्रशांत दुबे, डॉ वीरेंद्र कुमार परौहा, डॉक्टर श्रीकांत चतुर्वेदी, डॉ अशोक चौधरी, डॉ बलेश कुमार मार्को, डॉक्टर शशी प्रभा मरावी, डॉ राकेश नामदेव, डॉ मनीष गर्ग एवं मानव जीवन विकास समिति की टीम का विशेष सहयोग रहा है। शिविर के बाद बिजौरी स्थित देवारण्य हर्बल गार्डन का भ्रमण जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉक्टर आशीष रेजा तथा टीम के साथी और मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के द्वारा देवारण्य पार्क का विजिट किया गया।

246 मरीजों की हुई जांच, ग्रामीणों मुहैया कराया आयुर्वेदिक उपचार



बड़वारा. बड़वारा मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बिजौरी में राष्ट्रीय एवं दशम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर निःशुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी कटनी डॉ. आशीष रेजा के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित इस शिविर में बिजौरी, अतरिया, पोड़ी, वाह, चपेहनी, मझगवा, भमराड़, पठरा सहित आसपास के गांवों से पहुंचे 246 लोगों की जांच कर आयुर्वेदिक दवा एवं परामर्श दिया गया।

शिविर को सफल बनाने में डॉ. दिलीप कुमार अहिरवार, डॉ. प्रशांत कुमार निगम, डॉ. कुलशेर अहमद, डॉ. नर्मदा पटेल, डॉ. संध्या गोंड, डॉ. शिवम, डॉ. प्रशांत दुबे, डॉ. वीरेंद्र परौहा, डॉ. श्रीकांत चतुर्वेदी, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. बलेश कुमार मार्को, डॉ. शशी प्रभा मरावी, डॉ. राकेश नामदेव, डॉ. मनीष गर्ग सहित मानव जीवन विकास समिति की टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर के उपरांत बिजौरी स्थित देवारण्य हर्बल गार्डन का भ्रमण जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा, समिति सचिव निर्भय सिंह एवं आयुष टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न औषधीय पौधों को देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो उठा।

आपका

निर्भय सिंह

सचिव

मानव जीवन विकास समिति

मो.न. 9425157561